***प्रेस विज्ञप्ति*        *दिनॉक 10.06.2024*      *जनपद – संतकबीरनगर***

## *दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री सत्यजीत गुप्ता** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम **में थाना बखिरा पुलिस द्वारा** वारण्टी नाम पता बृजभान पुत्र सतई निवासी झुगिया थाना बखिरा जनपद सन्तकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री वीरबहादुर यादव, हे0का0 अनिल यादव, ।

## *शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार*।

- ***थाना धनघटा पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया
- ***थाना महुली पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया
- ***थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

## *मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 32 वाहनों से 23,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया*

आज दिनांक 10.06.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 32 वाहनों से 23,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

## *पीआरवी आफ द डे*

***पीआरवी 1487 द्वारा दो पक्षो में मारपीट/विवाद में घायल 03 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल–**

* पीआरवी 1487 को थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत पिपरा बोरिगं से कालर ने इवेन्ट संख्या 44317 से किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट / विवाद होने से 03 व्यक्तियों (1- अनिता पत्नी योगेन्द्र, 2- सिकन्दर पुत्र लोटनराम, 3- अभिषेक पुत्र लोटनराम, निवासी पिपरा बोरिंग थाना दुधरा जनपद संतकबीरनगर) के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर समय से पहुँचकर विवाद को शान्त कराकर मारपीट में घायल हुए लोगो को एम्बुलेंस 108 की सहायता से इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सुझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुँचकर मारपीट में घायल हुए लोगो को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचाई गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

***पीआरवी स्टाफ-* आ0 सुरज भारती, आ0 भरत कुमार सोनी कुमार, हो0चा0 सुरजीत कुमार**

## *श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती द्वारा पुलिस आफिस में नवनिर्मित कैन्टीन उद्धाटन किया गया*

आज दिनांक 10.06.2024 को *श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती* ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** की उपस्थिति में पुलिस आफिस में आम जनमानस की सुविधा के लिए नवनिर्मित कैन्टीन का उद्धाटन किया गया। महोदय द्वारा पुलिस आफिस परिसर में फाउंटेन बुद्ध प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*,** क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*,** क्षेत्राधिकारी यातायात ***श्री केशवनाथ*** प्रतिसार निरीक्षक ***श्री रजनीकान्त ओझा*** प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना *श्री आलोक सोनी* पीआरओ पुलिस अधीक्षक *श्री जितेन्द्र यादव* व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजुद रहे।

## *श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित साइबर थाना व कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का उद्धाटन किया गया*

आज दिनांक 10.06.2024 को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित साइबर थाना व कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेन्टर का उद्धाटन किया गया। साइबर थाना व कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर की सराहना करते हुए महोदय द्वारा बताया गया कि इस साईबर थाने में आगन्तुक के बैठने व अपनी समस्या खुलकर बताने की समुचित व्यवस्था की गयी है। साईबर थाने को वातानुकूलित बनाया गया है तथा महिलाओं की समस्याओं को सुनने के लिए महिला कर्मचारीगण की नियुक्ति साईबर थाने में की गयी है। साईबर थाने द्वारा हैकिंग, पहचान की चोरी, आनलाईन धोखाधड़ी और अन्य प्रकार के साइबर-संबंधी अपराधों जैसी साइबर अपराध घटनाओं की जांच की जायेगी। राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 है। शिकायत दर्ज करने के लिए आप इस नंबर को डायल कर सकते हैं। कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में पुलिसकर्मियों को 112 प्रशिक्षण, सीसीटीएनएस प्रशिक्षण व समय समय पर पुलिस मुख्यालय द्वारा आयोजित होने वाले आनलाईन प्रशिक्षण, साईबर अपराध सम्बन्धित प्रशिक्षण व नये कानून सम्बन्धित जानकारी दिया जायेगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपद के चौमुखी विकास में अपना बेहतर योगदान देने की अपील भी किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*,** क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*,** क्षेत्राधिकारी यातायात ***श्री केशवनाथ*** प्रतिसार निरीक्षक ***श्री रजनीकान्त ओझा*** प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना ***श्री आलोक सोनी*** पीआरओ पुलिस अधीक्षक ***श्री जितेन्द्र यादव*** व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

***श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती द्वारा पुलिस आफिस में रिजर्व पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित कमांड सेंटर व ट्रैफिक आफिस का किया गया उद्घाटन***

आज दिनांक 10.06.2024 को *श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती* ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित कमांड सेंटर व ट्रैफिक आफिस का उद्घाटन किया गया। महोदय द्वारा इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की भव्यता पर सभी को धन्यवाद देते हुए सराहना की गई। महोदय द्वारा कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करना है। महोदय द्वारा बताया गया कि ट्रैफिक निदेशालय द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं, कमांड सेन्टर में पुलिस लाईन व जनपद संतकबीरनगर के सीसीटीवी कैमरों को देख सकेंगे। उन्होंने इस अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपद के चौमुखी विकास में अपना बेहतर योगदान देने की अपील भी किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*,** क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*,** क्षेत्राधिकारी यातायात ***श्री केशवनाथ*** प्रतिसार निरीक्षक ***श्री रजनीकान्त ओझा*** प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना ***श्री आलोक सोनी*** पीआरओ पुलिस अधीक्षक ***श्री जितेन्द्र यादव*** व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजुद रहे।

***श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स संतकबीरनगर में नवनिर्मित इंडोर शूटिंग रेंज का किया गया उद्घाटन***

आज दिनांक 10.06.2024 को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित इंडोर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया गया। महोदय द्वारा इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की भव्यता पर सभी को धन्यवाद देते हुए सराहना की गई। महोदय द्वारा कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करना है। सूटिंग रेंज की सराहना करते हुए कहा गया कि स्पोर्टस में पुलिस जवान व पुलिस परिवार के बच्चों के साथ साथ आम जनमानस को ओलम्पिक स्तर की ट्रेनिंग की सुविधा मिलेगी। इस स्तर का सुविधा पूरे रेंज में पहला स्थान है। सूटिंग रेंज में प्रशिक्षण देने के लिए प्रोफेशनल कोच को इंगेज किया गया है, हमारे पास ओलम्पिक लेवल के हथियार हैं। जिसके माध्यम से जनपद के सूटिंग के इच्छुक व्यक्ति अभ्यास कर सकते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी को हार्दिक

शुभकामनाएं देते हुए जनपद के चौमुखी विकास में अपना बेहतर योगदान देने की अपील भी किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*,** क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*,** क्षेत्राधिकारी यातायात ***श्री केशवनाथ*** प्रतिसार निरीक्षक ***श्री रजनीकान्त ओझा*** प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना ***श्री आलोक सोनी*** पीआरओ पुलिस अधीक्षक ***श्री जितेन्द्र यादव*** व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## *श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में क्वाटर गार्द स्थित नवनिर्मित बाउन्ड्रीवाल एवं भव्य गेट का उद्घाटन किया गया*

आज दिनांक 10.06.2024 को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स क्वाटर गार्द स्थित नवनिर्मित बाउन्ड्रीवाल एवं भव्य गेट का उद्घाटन किया गया। महोदय द्वारा इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की भव्यता पर सभी को धन्यवाद देते हुए सराहना की गई। महोदय द्वारा कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करना है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*,** क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*,** क्षेत्राधिकारी यातायात ***श्री केशवनाथ*** प्रतिसार निरीक्षक ***श्री रजनीकान्त ओझा***, पीआरओ पुलिस अधीक्षक ***श्री जितेन्द्र यादव*** व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## *श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स संतकबीरनगर में जनपद को प्राप्त यूपी 112 की कुल 13 चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया*

आज दिनांक 10.06.2024 को *श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती* ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स में जनपद को प्राप्त यूपी 112 की कुल 13 चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया। महोदय द्वारा इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की भव्यता पर सभी को धन्यवाद देते हुए सराहना की गई। महोदय द्वारा कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत रूप से अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन करते हुए अपने स्तर पर ही बेहतर करने का प्रयास करना है। महोदय द्वारा जनपद संतकबीरनगर की यूपी 112 की रिस्पान्स टाइम जो 10 मिनट से कम रहा है कि सराहना की

गयी। महोदय द्वारा इस अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपद के चौमुखी विकास में अपना बेहतर योगदान देने की अपील भी किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री शशि शेखर सिंह*,** क्षेत्राधिकारी मेंहदावल ***श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर*,** क्षेत्राधिकारी यातायात/यू0पी0 112 ***श्री केशवनाथ*,** प्रतिसार निरीक्षक ***श्री रजनीकान्त ओझा***, प्रभारी निरीक्षक 112 ***श्री राहुल सिंह यादव***, पीआरओ पुलिस अधीक्षक ***श्री जितेन्द्र यादव*** व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।